हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

11 श्रीमद्भागवत में दिव्य लीलाओं से सराबोर हुआ वातावरण



12 शहीद ए आजम करतार सिंह सराभा को किया नमन



# किसानों ने प्रदर्शन कर कृषिमंत्री को बताई समस्या तो खुला खरीद पोर्टल

- 36 घंटे बाद भी गेट पास जारी नहीं होने पर भड़के किसान मंडी के सामने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

कस्बे की अनाजमंडी में शुक्रवार से बाजरा लेकर आए किसानों को शनिवार शाम तक 36 घंटे बाद भी गेट पास जारी नहीं होने पर उनका धैर्य जवाब दे गया और वह भड़क गए। गुस्साए किसानों ने आरोप लगाया कि खरीद प्रक्रिया को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है। वहीं खरीद अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया ठप होने की वजह बताई तो किसानों ने देर सायं अनाज मंडी के सामने बाजरा से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी कर रोष जताया। देर सायं किसानों ने दूरभाष पर कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा को सारी स्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद कृषि मंत्री ने पोर्टल खुलवाया और खरीद प्रक्रिया शुरू हो पाई। कस्बे की अनाजमंडी में शुरुआत से बाजरा खरीद प्रक्रिया धीमी चल रही है और इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाजरा लेकर आने वाले किसानों को गेट पास से लेकर बिक्री करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। क्षेत्र के कई किसानों ने तो मंडी की अव्यवस्था से परेशान होकर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे -छोटे व्यापारियों को औने-पौने दामों में बेच दिया है। मंडी में लगातार एक एक सप्ताह तक खरीद प्रक्रिया बंद भी रही है जिससे किसानों में सरकार के प्रति गहरी नाराजगी बनी रही है। 36 घंटे बाद भी गेट पास जारी नहीं होने पर भड़के किसान, अनाजमंडी के सामने रोष जताया। ऑनलाइन प्रक्रिया से अधर में लटकी खरीद किसानों व स्थानीय अधिकारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।



बाढड़ा। कस्बे की अनाज मंडी में बाजरा बेचने के इंतजार में खड़े किसान।

### ऑनलाइन प्रक्रिया ठप होने से परेशानी आई

किसानों ने बताया कि सुबह से ही उन्हें जल्द ही सारी व्यवस्थाओं में सुधार होने का आश्वासन मिल था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। गुस्साए किसानों ने आरोप लगाया कि खरीद प्रक्रिया को जान बूझकर बाधित किया जा रहा है। वहीं खरीद अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया ठप होने की वजह बताई तो किसानों ने देर सायं अनाजमंडी के सामने बाजरा से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी करके रोष जताया। खरीद अधिकारियों ने किसानों को समझाने का लगातार प्रयास किया। देर सायं किसानों ने दूरभाष पर कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा को सारी स्थिति से अवगत करवाया, जिसके बाद कृषिमंत्री ने आनन फानन में पोर्टल खुलवाया और खरीद प्रक्रिया शुरू हो पाई जिससे किसानों ने राहत की सांस ली।

### किसानों ने मंडी में ही डेरा डाला

लगातार दो दिन से बाधित गेट पास से दुःखी किसानों की भीड़ शनिवार देर रात तक अपने गेट पास के लिए मंडी में ही डेरा डाले नजर आए और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सुध नहीं लेने पर रोष जताया। किसान नेता नरेश कादयान, सतपाल श्योराण, राजेश, रमेश, अनिल, जगबीर सिंह व अजय आदि ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन किसानों के साथ भद्दा मजाक कर रहा है। वह कस्बे की अनाज मंडी में शुक्रवार से बाजरा लेकर आए हैं और शनिवार शाम तक 36 घंटे बाद भी गेट पास जारी नहीं होने पर उनका धैर्य जवाब दे गया।

# 45 रोडवेज बसें गई रैली में लोकल रूटों पर परेशानी



भिवानी। बसों के नारनौल रैली में जाने के बाद खाली पड़ा बस अड्डा।

- निजी वाहन चालकों ने काटी चांदी, लोगों से वसूला मनमाना किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सीएम की नारनौल रैली लोकल रूटों पर सफर करने वाले लोगों पर भारी पड़ी। नारनौल में होने वाले महाराजा शूर सैनी के जयंती समारोह में भिवानी से 45 बसों को भेजा गया। इस वजह से लोकल रूटों पर रोडवेज बसों के फेरों में काफी कमी रही। कई रूटों पर तो रोडवेज की बसें ही नहीं चलाई गईं। इनमें खासकर जींद, हांसी, लोहारू, बहल, झोझू रूटों पर बस ही नहीं भेजी गई। इस वजह से पूरे दिन यात्रियों को जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि लंबी दूरी पर चलने वाली बसों की संख्या में कोई ज्यादा कमी नहीं रही, लेकिन लोकल रूटों पर बसों की कमी बनी रही।

दूसरी तरफ बसों की कमी की वजह से निजी वाहन चालकों ने यात्रियों से मन माफिक किराया वसूला। शाम तक निजी वाहन चालकों ने चांदी काटी। शनिवार शाम को ही भिवानी डिपो से नारनौल डिपो के लिए करीब 45 बसों को भेजने का निर्णय लिया था। इसके तहत भिवानी डिपो से 45 बसें नारनौल के लिए रवाना हो गई। जिस वजह से भिवानी डिपो में बसों की संख्या कम हो गई। बसों की संख्या कम होने की वजह से सभी रूट प्रभावित होने लगे।

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ की फिरौती मांगने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के दौरान दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बहल निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर ने थाना बहल पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया था कि उससे दो करोड़ रुपये की मांग की गई है। सीआईए स्टाफ -2 भिवानी के उप निरीक्षक सुभाष ने दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लिक्ष्मण पुत्र धनाराम निवासी भोजान, चुरु राजस्थान है।

### जमीन को लेकर रंजिशन हत्या मामले का सातवां आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार ऑपरेशन आक्रमण के तहत सीआईए स्टाफ दादरी ने जमीन को लेकर हुए झगड़े में सांजरवास निवासी व्यक्ति की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव सांजरवास निवासी बाबूलाल की करीब दो साल पहले झगड़े में लगी चोट के कारण मौत हुई थी। मृतक के भाई विष्णु ने पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने सात नामजद लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी रवि, परमजीत, राहुल उर्फ मिनी, रोहित, साहिल व सावन को गिरफ्तार किया कर लिया था। अब एएसआई विशाल ने दांग कलां निवासी अजय को गिरफ्तार किया।

# हड़ौदी में पेयजल के लिए पानी का टैंकर पंचायत को भेंट किया

**बाढ़ड़ा।** सांसद धर्मबीर सिंह के सानिध्य में सांसद निधि कोष व जिला परिषद बजट से ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हर जरूरतमंद गांव को वाटर टैंक उपलब्ध करवाया जाएगा। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष एवं वार्ड छह से जिला पार्षद इंजीनियर सुनील हड़ौदी ने पार्षद कोटा से गांव हड़ोदी में पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिए एक पानी का टैंकर पंचायत को समर्पित करते हुए कही। कार्यक्रम में सरपंच सुनील श्योराण, जगबीर चांदनी, सुरेश कुमार, रणधीर सिंह, भरत सिंह, उमराव सिंह, रण सिंह, पवन कुमार, ईश्वर सिंह, सतीश कुमार आदि अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



बाढ़ड़ा। गांव हड़ौदी ग्राम पंचायत को वाटर टैंकर सौंपते जिलाध्यक्ष व जिला पार्षद इंजीनियर सुनील हड़ौदी।

# कबाड़ से जुगाड़ कर बनाए 400 ट्री गार्ड, बचाए सैकड़ों पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति की पर्यावरण बचाने की अनूठी पहल
- पीपल के पेड़ के क्षतिग्रस्त चबूतरे का पुनर्निर्माण करवाकर उसे सुरक्षित किया
- 400 बड़े पेड़ों से ट्री गार्ड कटवाकर उन्हें छोटे पौधों पर लगवाकर बचाया

भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति शहर को शुद्ध और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए निरंतर नए और रचनात्मक कार्य कर रही है। समिति ने न केवल पेड़ों की सुरक्षा और सौंदर्य पर ध्यान दिया है, बल्कि कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का बेहतरीन मॉडल भी पेश किया है। समिति के संयोजक केके वर्मा ने पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ईश्वर से संपर्क कर उनके मकान के सामने लगे पवित्र पीपल के पेड़ के क्षतिग्रस्त चबूतरे का पुनर्निर्माण करवाया। यह चबूतरा पूरी तरह टूट चुका था और क्षेत्र की सुंदरता भी बिगाड़ रहा था। वर्मा ने कहा कि नगर में ऐसे टूटे हुए चबूतरों का पुनर्निर्माण किया जाए तो पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और पर्यावरण शुद्ध होगा। साथ ही गली-मोहल्लों की सुंदरता भी कई गुना बढ़ जाएगी। पौधों को आवारा पशुओं से बचाने में ट्री गाड्‌र्स की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए समिति ने कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत 400 से अधिक ट्री गार्ड बनाकर वितरित किए, जिससे सैकड़ों नए लगाए पौधों को जीवनदान मिला है। इसके साथ ही बड़े पेड़ों पर लगे लोहे के 400 ट्री गार्डों को कटवाकर उन्हें वन विभाग को सौंपा या उन्हें छोटे पौधों पर लगवाया है। उन्होंने बताया कि आंधी और तूफान में गिरे हुए 20 पेड़ों को पुनर्जीवित करके समिति ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गंभीरता को सिद्ध किया है। उन्होंने चेताया कि अभी भी हम नहीं संभले तो महानगरों की भांति हमारा पर्यावरण भी प्रदूषित हो जाएगा तथा पानी की बोतलों की तरह आने वाली पीढ़ियों को ऑक्सीजन के सिलेंडर खरीदने पड़ेंगे।



## शहीद सराभा की विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का डीवाईएफआई ने किया आह्वान

# डीवाईएफआई ने शहीद करतार सिंह सराभा को शहादत दिवस पर किया नमन, दी श्रद्धांजलि

### देश की वर्तमान परिस्थितियों को बदलने को नौजवानों की संगठित एकता एवं संघर्ष जरूरी : कामरेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शहीद ए आजम करतार सिंह सराभा को नमन करते कामरेड ओमप्रकाश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) की भिवानी इकाई ने रविवार को शहीद भगत सिंह यादगार में शहीद-ए-आजम करतार सिंह सराभा की 110वें शहादत दिवस को श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाया। इस अवसर पर नौजवानों ने सराभा के सपनों के भारत को साकार करने के लिए व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निश्चय रोहिला ने की तथा मंच संचालन अनुराग ने किया। कार्यक्रम में भिवानी के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े कई प्रमुख साथियों ने सक्रिय रूप से शिरकत की। रोहिल्ला ने कहा कि ये बड़े दुःख की बात है कि करतार सिंह सराभा जैसे महान क्रांतिकारी को देश का आम नागरिक आज जानता तक नहीं है।

जन संघर्ष समिति के संयोजक किसान एवं मजदूर नेता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को बदलने के लिए नौजवानों की संगठित एकता और संघर्ष बेहद जरूरी है। उन्होंने नौजवानों को संगठित होने का महत्व समझाते हुए कहा कि नौजवान ही देश के भविष्य का निर्माण कर सकते हैं और उन्हें मिलकर एक मजबूत संगठन खड़ा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास में दबी इन क्रांतिकारी विरासतों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने नौजवानों से आह्वान किया कि वे शहीदों के योगदान को याद रखें और उनके विचारों को आगे लेकर जाएं। अनुराग ने शहीद सराभा के व्यापक दृष्टिकोण को नौजवानों के सामने रखा। अनुराग ने कहा कि वे आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और सबके लिए समान शिक्षा को स्वतंत्र भारत की बुनियादी शर्त मानते थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में हमें राजनीतिक आजादी तो मिल गई, लेकिन आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक आजादी आज भी अधूरी है। इसी कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने नौजवानों से एकजुट होकर इन मूल्यों को हासिल करने के लिए व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कामरेड ओमप्रकाश, सज्जन कुमार सिंगला, रतन कुमार जिंदल, चंद्रभान, हिमांशु, नरेंद्र, महावीर फौजी धानान, ओमप्रकाश दलाल, फूलचंद, संजय कश्यप, दीपेश, प्रवीण, दारासिंह, भीमसिंह, अनिल, रामचंद्र व राजबीर कादयान आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने बलिदान दिवस पर शहीद करतार सिंह को दी श्रद्धांजलि



भिवानी। देश जब अमृत महोत्सव मना रहा है, ऐसे में अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए करतार सिंह सराभा भारत के प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक को याद करना स्वभाविक है। शहीद सराभा को उनके शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा, उक्त शब्द स्वतंत्रता सेनानी करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहे। उन्होंने कहा कि शहीद सराभा का जीवन हर राष्ट्रभक्त के लिए मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को जीवन का ध्येय बनाने वाले स्वतंत्रता सेनानी करतार सिंह सराभा हमेशा लोगों के दिलों में बसे रहेंगे। उन्होंने गदर पार्टी के माध्यम से विदेश में रह रहे भारतीयों को मां भारती की स्वाधीनता के लिए प्रेरित किया। उनके बलिदान से उपजे जनाक्रोश ने आजादी के आंदोलन को और अधिक प्रखर बना दिया। इस अवसर पर किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक तिगड़ी, भूपेंद्र तिगड़ी व देवेन्द्र तिगड़ी ने भी माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया।

# शिविर में स्काउट्स सीखते हैं अनुशासन और लीडरशिप, इससे देश होता है मजबूत : सांसद

- पंडित सीताराम शिक्षण महाविद्यालय में स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। स्काउट के प्रशिक्षण शिविर में नृत्य करती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया के मार्गदर्शन में पंडित सीताराम शिक्षण महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में जारी स्काउट एवं गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में सांस्कृतिक एवं सामाजिक संदेश रहा। समापन समारोह में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। सांसद धर्मबीर सिंह ने स्काउट्स विद्यार्थियों एवं जिले भर से पहुंचे शिक्षकों को आज अचानक नारनौल में सीएम रैली के समय परिवर्तन के कारण अपना संदेश ऑडियो मैसेज के साथ दिया। चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि स्काउट्स देश की एक मजबूत कड़ी है, जो हमेशा देश की हर विकट परिस्थिति में देश के साथ खड़ी होती है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स और गाइडस के विद्यार्थी इस प्रकार के कैंप में अनुशासन और लीडरशिप की भावना सीखते हैं और इसी प्रकार की भावना से भारत देश मजबूत होता है। स्काउट्स प्रशिक्षण में व्यक्ति देश की रक्षा के लिए मर मिटने और देशभक्ति का जज्बा सीखता है।

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने बेसिक स्काउट मास्टर/तृतीय सोपान प्रशिक्षण कोर्स के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनुशासन, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति जैसी भावना को विकसित करने में स्काउट एवं गाइडस संगठन विशेष भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि श्रीभगवान शास्त्री ,संयुक्त संगठन आयुक्त राकेश रोहिल्ला ,स्काउट मास्टर हरीश शर्मा,मनजीत शर्मा गाइड ,कैप्टन रसना देवी,लक्ष्मी अरोड़ा, मीनाक्षी शर्मा आदि प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में जिलेभर से आए सभी स्काउट गाइडस ने उक्त सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### यह कार्यक्रम हुए

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी डॉ निर्मल दहिया ने की। इस अवसर पर श्री भगवान शर्मा , खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज , डीओसी डॉ पवन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला संगठन आयुक्त स्काउट पवन कुमार एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड रितु परमार तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त नरेश कुमार ने तृतीय सोपान शिविर के दौरान हुई नियम,प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना,रंगोली ,कुकिंग विदाउट फायर, मेहंदी प्रतियोगिता, ड्राइंग ,पेंटिंग, टेंट पिचिंग,गैजेट मेकिंग, व विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत करवाया।

# शिविर में 76 मरीजों की जांच कर बांटीं दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की पहल के तहत सनफ्लैग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने रविवार को गांव बौंदखुर्द में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में गांव और आस-पास के 76 लोगों की मुफ्त जांच की और उन्हें दवाइयां वितरित की। शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. उमाकांत, डॉ. साक्षी मल्होत्रा, डॉ. राखी शर्मा, और डॉ. गौरव शर्मा शामिल थे।

कर्मचारी मोहनलाल ने मरीजों के खून आदि की जांच की, जबकि शशी और पूनम ने सभी उपस्थित लोगों के रक्तचाप की जांच का कार्य संभाला। शिविर का विधिवत शुभारंभ गांव के सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह व समाजसेवी अनिल बलवान साहु ने किया। अस्पताल के प्रशासक डॉ. राजकुमार तंवर ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल भिवानी शहर तक सीमित न रहकर, आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, ताकि पैसे के अभाव में कोई भी इलाज से वंचित न रहे। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, कंवरपाल, रविपाल व रणपाल आदि मौजूद रहे।



चरखी दादरी। सरदार पटेल एकता पदयात्रा में शामिल सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक उमेद पातुवास व अन्य।

## सांसद धर्मबीर के नेतृत्व में निकली सरदार पटेल एकता पदयात्रा

चरखी दादरी । हाथी पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार पटेल एकता पदयात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाढ़डा विधायक उमेद पातुवास उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने की। सांसद धर्मबीर सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा एकता, राष्ट्रवाद और अखंड भारत के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. मनीष नागपाल, सीटीएम प्रीति रावत, एसडीएम योगेश सैनी, डीएसओ विष्णु भगवान, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान सांगवान, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशन शर्मा, इन्द्र फौगाट, जिला महामंत्री एडवोकेट राष्ट्रदीप परमार, जिला महामंत्री रविंद्र शिलगर व जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत

भिवानी । राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति की ओर से शरद मौसम को ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा और हिट-एंड-रन कानून पर जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष तथा खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता अशोक भारद्वाज कर रहे हैं। यह कार सेवा अभियान फरवरी माह तक निरंतर जारी रहेगा। भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारिता जगत और मीडिया से जुड़े हर मेहनतकश "कलम के सिपाही" को समर्पित होता है। यह दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संकल्प और प्रेरणा का प्रतीक है।

# भारत विकास परिषद ने विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सेवा व सम्मान का भाव किया जागृत

- पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा द्वारा पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने गुरुजनों के प्रति सेवा, सम्मान और आभार के भाव को जाग्रत करना था, जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर डॉ. कमला भारद्वाज ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता परिषद की प्रांतीय महिला प्रमुख रेखा गुप्ता ने की। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने अतिथियों का स्वागत और आभार जताया। प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने परिषद के कार्यों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्या सोनिया कौशिक, शिक्षिका ब्रह्म कौर एवं मंजू शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। 11 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। पूर्व डीईओ सुरेश कुमार शर्मा ने गुरु वंदन के महत्व के बारे में संबोधित किया। वहीं शाखा गतिविधि संयोजक सस्कार जगदीशचंद्र शर्मा ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलाई। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा व शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने कहा कि भाविप का ये प्रयास भावी पीढ़ी को उनके मूल्यों और संस्कारों से जोड़े रखने के लिए है। इस मौके पर परिषद के जिला सहसंयोजक नरेश बंसल, शाखा सचिव तिलकराज अरोड़ा, प्रिंस महता, संपर्क हंसराज गुलाटी व सूरज प्रकाश जोशी उपस्थित रहे।

**आयोजन** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में सम्मान समारोह

# वरिष्ठ नागरिकों का तिलक लगाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी




चरखी दादरी । कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलन करके शुभारंभ करते अतिथि व बीके भाई बहन। फोटो : हरिभूमि

गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन हमारी संस्कृति है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में आयोजित संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन एवं सम्मान समारोह में चंडीगढ़ से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, अशोक थालौर जिला पार्षद प्रतिनिधि,महेश फौजी सरपंच प्रतिनिधि, ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, पूर्व पार्षद डॉ. अशोक शर्मा, होशियार सिंह, सतबीर शर्मा श्रीराधा कृष्ण गौशाला अध्यक्ष, सचिव कमल सिंह, नत्थूराम बीडीसी, डॉ. विकास कलकल, डॉक्टर दशरथ, महिपाल आर्य आदि ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। बीके कविता ने कहा कि बुजुर्गों के लिए सुख सुविधाओं की आवश्यकता नहीं, उन्हें अपने बेटों बेटियों बहुओं और नाती-पोतों के आत्मीयता की आवश्यकता है, उनके हाथ में जब अपने बच्चों का हाथ स्पर्श करता है तो किसी भौतिक सुख सुविधाओं से नहीं मापा जा सकता है। उन्होंने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बच्चों का जो प्रेम पूर्ण भावनात्मक संवाद होता है, जिसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं, जो संयुक्त परिवार में जीते हैं। सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि आज संयुक्त परिवारों का विघटन, बिखराव हो रहा है, ऐसे में हमें समाज की चेतना जागृत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संगम का अर्थ पीढ़ियों का मिलन, अनुभव और पीढ़ियों का मिलन। अभियान के माध्यम से ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने समाज के सबसे संवेदनशील पहलू को न केवल स्पर्श किया, बल्कि संवेदनशीलता के साथ वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ने का कार्य किया है, ये अपने आपमें बहुत बड़ा उदाहरण है। इस अवसर पर 21 वरिष्ठ नागरिकों का पटका चित्र तिलक आदि से सम्मान किया। जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक थालौर व सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी ने सबका आभार जताते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से लोगों में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। ब्रह्माकुमारी अंकित बहन ने सबको शपथ दिलाई। मंच संचालन ब्रह्माकुमार सुनील भाई ने किया।

## खबर संक्षेप



### जींद में लगे वार्षिक दीवान में विधायक ने टेका माथा

बवानीखेड़ा । जींद में आयोजित 79वें वार्षिक दीवान बाबा बंदा सिंह बहादुर सम्प्रदाय में हलका विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, मार्केट कमेटी प्रधान राजू हंस,लखु सरदार सहित अनेकों भक्तजनों ने पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक हुआ, आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस पवित्र अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढ़ा, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, हांसी विधायक विनोद भ्याना सहित गुरु दरबार में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे और बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### विकास हाई स्कूल के मेधावी रहे अव्वल



भिवानी । जिला स्तरीय लिखित रामायण-महाभारत प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में 24 बच्चों को सम्मानित किया गया ,जिसमें सबसे अधिक 15 विद्यार्थी विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ के थे। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सबसे अधिक पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों का पुरस्कार और आदर संस्कारी विद्यालय पुरस्कार भी विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ को मिला। सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में चांदी का राम दरबार, प्रशस्ति-पत्र, मोमेंटो और गिफ्ट आइटम देकर सम्मानित किया गया। विकास उच्च विद्यालय के इन 15 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । जिसमें निक्की सुपुत्री राजपाल, कशिश सुपुत्री संदीप, कोमल सुपुत्री विकास, सन्नी सुपुत्र अनिल, जितेश सुपुत्र संदीप, माही सुपुत्री सुनील, अंशिका सुपुत्री अनिल दीपिका सुपुत्री दिनेश, खुशबू सुपुत्री बलवान, वंशिका सुपुत्री सुनील, निर्भय सुपुत्र महेश, आयुषी सुपुत्री सुरेंद्र, राशि सुपुत्री जोगिंदर, रिया सुपुत्री रजनीश, अंकिता सुपुत्री नवीन ने बाजी मारी।

### ग्रास रूट्स स्कूल में बाल दिवस मनाया



बवानीखेड़ा । बवानी खेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। जिसमें पेंटिंग व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक वीना भ्याणा ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का कार्य किया। विद्यालय निदेशक वीना भ्याणा ने बताया कि यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उनकी मुस्कान, मासूमियत और सपने ही भारत की असली ताकत हैं। इस दिन के पीछे इतिहास, उद्देश्य और कुछ महत्वपूर्ण तथ्य भी छिपे हैं। उन्होंने बताया किबाल दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चों को सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर भी मिलने चाहिए। उनकी हंसी ही देश की सबसे बड़ी पूंजी है जिसे सहेजना हम सबका कर्तव्य है। वहीं विद्यालय में पेंटिंग व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय निदेशक ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर बांटे लड्डू



बवानीखेड़ा । बिहार चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क में विधायक कपूर वाल्मीकि, मास्टर राजेश कुमार, राकेश वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस ने समाजसेवी लक्खू सरदार, जगदंबा महता, रामगोपाल सैनी, प्रदीप राणा, पवन महता, हरकेश कौशिक, नवीन गक्खड़, श्रीभगवान नाहड़िया, मनीष शंकर, मा. चंद्रेश शर्मा, जोगेन्द्र सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ताओं और माननीय नागरिकों के साथ हर्षोल्लास साझा किया। विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस ने बताया कि आज हर कोई भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है।

### कौशिक ने भाजपा की जीत पर मिठाई बांटी

तोशाम। बिहार में एनडीए की जीत पर बापोड़ा मंडल में भाजपा के मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी जताई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा कि बिहार विधानसभा की जीत से बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय लिखा गया है। एनडीए ने विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 243 सीटों में से 202 से अधिक सीटें हासिल कर ली हैं, जो बहुमत के आंकड़े को धूल चटाने वाला आंकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा-जद(यू) गठजोड़ ने विपक्षी महागठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस) को बुरी तरह से करारी शिकस्त दी है। यह जीत 'डबल इंजन' सरकार की मजबूती का प्रमाण है और यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रतीक बनी है। इस अवसर पर मुनिपाल तंवर, सतबीर गौड़, प्रदीप तंवर, ललित कौशिक, सुरेन्द्र शर्मा, सूरजभान वर्मा, एडवोकेट राजेश जांगड़ा, मंडल उपाध्यक्ष कैप्टन जयवीर, चित्रपाल सिंह, किरनपाल सिंह, दिलीप शर्मा सुमेर बीरन, सरपंच सुरेंद्र सिंह, कैलाश सरपंच, राजवीर सरपंच, पूर्व सरपंच राजकिशन, विनोद प्रजापति, राधेश्याम शर्मा, पवन धतरवाल, राजपाल लाम्बा, जय भगवान यादव, रविंद्र हेतमपुरा, राजेश शर्मा, इमरान खान आदि मौजूद रहे।



### आदर्श विद्यालय के विद्यार्थी विज्ञान प्रदर्शनी में छाए

बवानीखेड़ा । बवानी खेड़ा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भिवानी टीआईटी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर के एक बार फिर से अपना परचम पहराया। प्रधानाचार्य ताराचंद यादव व निदेशक विकास यादव ने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों व विद्यार्थियों की मेहनत को दिया व अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उपप्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि भौतिक विज्ञान अध्यापक सौरव सिंह के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं से जतिन, अंकित तथा कक्षा 11वीं से यश ने प्रदर्शनी में ऊर्जा रुपांतर पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। मॉडल के द्वारा बताया गया कि भविष्य में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना ऊर्जा की जरूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय के विद्यार्थी हर बार इतिहास बनाने का कार्य करते हैं और अपने ही रिकार्ड को स्वयं तोड़कर नया इतिहास बनाते हैं। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक सोनू, भूपेंद्र सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।